## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में संक्रामक बीमारी फैलने का बना अंदेशा

**दमुआ।** वैसे भी भारी बारिश का दौर चल रहा है बरसात के मौसम में गर्मी से राहत के साथ साथ कई बिमारियां भी आती है। नमी और गंदगी के कारण मच्छर, बैक्टीरिया और वायरस का प्रकोप बढ जाता है जबकि बरसात के इन दिनो में दमुआ निकाय क्षेत्र के वार्ड एरिया में समय समय पर साफ सफाई होना चाहिए किन्तु अक्सर देखा जा रहा है कि कई वार्डो मे सही तरीके से साफ सफाई नही होने तथा पानी की सही निकासी नही होने से कई वार्डो मे पानी का भराव रहता है जिसके कारण मच्छर मक्खियों का प्रकोप बढ रहा है। और समय पर नगर पालिका दमुआ के द्वारा दवाईयो का छिडकाव तक नही किया जा रहा है ना ही फागिंग मशीन चलाई जा रही है मच्छरो का प्रकोप बढ जाने कारण आम जनता काफी परेशान है अक्सर देखा जा रहा है कि बरसात के कारण जगह जगह गाजरघास उग आई है हरियाली बनी रहने से कीडे मकोडे मच्छर भी पनप रहे है जिसके कारण संक्रामक बिमारी फैल रही है जैसे सर्दी जुकाम, मलेरिया, टायफाईड, उल्टी दस्त आदि के मरीजो की संख्या बढ रही है और अस्पतालो में मरीजो की लाईन लगी हुई है। यहां तक कि समय पर राहत ना मिलने से मरीज प्रायवेट में अपना इलाज करवा रहे है और प्रावेट क्लिनिक मे भीड नजर आ रही है। न.पा. की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड रहा है। क्योकि मौसम को देखते हुए समय पर बिमारियो की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाया जाना चाहिए।

### पौधारोपण कर किया गया शपथ ग्रहण

**दमुआ।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (EPCO) के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय दमुआ में इको क्लब के तत्वावधान में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन एवं प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### निगमायुक्त ने दिए धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर करने के निर्देश

# आवास योजना के लाभ के लिए झूठे शपथ देने पर निगम करेगा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा




प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत बीएलसी घटक के आवेदकों को जांच स्थल पर एवं दस्तावेजों के सत्यापन के माध्यम से की जा रही है। योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर निरंतर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिन्हें निगम के अधिकारी व कर्मचारी जांच कर पात्र-अपात्र की श्रेणी में वर्गीकृत कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में प्रत्येक आवेदक से एक शपथ पत्र (अफिडेविट) भी लिया जा रहा है, जिसमें उसे यह घोषणा करनी होती है कि वह वास्तव में आवासहीन है, उसकी आय 3 लाख से कम है एवं वह योजना की शर्तों के अनुसार पात्र है। निगम अमले द्वारा जांच में पाया जा रहा है कि कुछ अपात्र हितग्राही भवन के कच्चे होने एवं आय के संबंध में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत का रहे है।

इन मामलों पर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय ने संज्ञान लेकर झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने ने निर्देश आवास शाखा को दिए। इस संबंध में आवास शाखा द्वारा एक अपील निगम के नोटिस बोर्ड में चस्पा की गई है जिसमें नगर निगम आयुक्त द्वारा ऐसे आवेदक जिन्होंने मिथ्या शपथ पत्र प्रस्तुत किया है उन्हें सात दिवस में उपस्थित होकर इस संबंध में स्पष्टीकरण देना होगा।

निगमायुक्त श्री राय ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी आवेदक द्वारा पोर्टल पर गलत या भ्रामक जानकारी दी जाती है, तो यह आवास योजना की शर्तों का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में नियमानुसार एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी आवेदक को यह महसूस होता है कि उसके आवेदन में त्रुटि हो गई है, तो वह पोर्टल से अपना आवेदन वापस ले सकते है अथवा स्वयं निगम की आवास शाखा योजना कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन संशोधित कर सकता है। इससे वह दंडात्मक कार्यवाही से बच सकता है। नगर निगम छिंदवाड़ा ने सभी आवेदकों से अपील की है कि वे आवेदन करते समय सही और प्रमाणिक जानकारी ही प्रस्तुत करें। निगम प्रशासन द्वारा कड़े रुख के बाद यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या फर्जीवाड़ा क्षम्य नहीं होगा। संबंधित शाखा द्वारा निरंतर जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसे किसी भी कृत्य पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### सम्मेलन में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य रहेंगे प्रमुख वक्ता

# सांसद के संयोजन में होगा एक राष्ट्र एक चुनाव सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

लोक हित में एक राष्ट्र-एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम के परिपेक्ष्य में सांसद बंटी विवेक साहू के संयोजन में 30 अगस्त को सिवनी प्राणमोती स्थित पूजा शिवी लॉन में एक राष्ट्र-एक चुनाव , राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहेगें।



30 अगस्त दिन शनिवार को आयोजित उक्त सम्मेलन दों भागों में आयोजित किया जायेगा। जिसके तहत दोपहर 12 बजें से छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं उपसरपंच प्रमुख रूप से शामिल होगें। वही शाम 6:30 बजें से प्रबुद्धजन जिसमें कॉलेजों के प्रोफेसर, समाजसेवी, डॉक्टर, वकील, समाजसेविकाएं, प्रमुख संगठनों के पदाधिकारीं, इंजीनियर, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं प्रबुद्धजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहेगे। उक्त सम्मेलन में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य और वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश अग्रवाल, सांसद बंटी विवेक साहू सहित अन्य प्रमुख जन सम्मेलन में उपस्थित लोगों के समक्ष अपने विचार साक्षा करेगें।

## उप संचालक डॉ.पक्षवार ने किया प्राथमिक शाला बंपारी गुड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा गत दिवस जिले के विकासखंड तामिया की प्राथमिक शाला बंपारी गुड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र चावलपानी, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चावलपानी एवं पाठई गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शाला निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शिक्षक श्री रमेश कुमार उइके उपस्थित पाये गये। अतिथि शिक्षक श्रीमती सरोज भलावी की देरी से उपस्थित पाई गई। कक्षा 01 से लेकर कक्षा 05 तक कुल 13 विद्यार्थियों में से 09 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। कम उपस्थिति होने पर शिक्षक को सलाह दी गई कि उनके पालकों से सम्पर्क कर विद्यार्थियों की उपस्थिति करायें । कक्षा 05वीं की छात्रा कु.ज्योति परतेती के द्वारा गणित के सवाल, पहाड़े, जोड़ना-घटाना, गुणा-भाग सही किया गया। साथ ही 06 व 10 का पहाड़ा भी सही सुनाया गया तथा हिन्दी भी अच्छी तरह से पढ़ी गई । विद्यार्थी अंग्रेजी पढ़ने में कमजोर है।

## सांसद ने चार मरीजों को दिलाई 95 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने चार मरीजों को 95 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। जिससे इन मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। जिस पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर चारों मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया। विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से इलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चिंधुजी मिसाल पिता चिंतामन, निवासी नि. वार्ड 6 खैरीतायगांव को उपचार हेतु 10 हजार, श्रीमती निर्मला सोटे पिता चूडामन सोटे निवासी राजना को 20 हजार, गगन डेहरिया पिता गोधन डेहरिया निवासी वार्ड नं. 09 पिपरिया कला को 30 हजार, श्रीमती सुमन विश्वकर्मा पत्नि सतयनारायण विश्वकर्मा निवासी वार्ड न. 21 पुराना पॉवर हाउस छोटी बाजार को 35 हजार रूपये अपनी स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ति मरीजों का अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## विधायक के प्रयास से दूर हुई उड़ान पुल के लांचिंग की बाधा

### 15 एवं 16 सितंबर को होगा जुन्नारदेव के आरओबी के लांचिंग का कार्य

**हरिभूमि न्यूज, जुन्नारदेव।** छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव शहर में आवागमन करने वाले क्षेत्रवासियों के राह की बाधा अब शीघ्र ही दूर होने जा रही है। दशकों से जुन्नारदेव शहर ( जामई ) में आवागमन करने वाले क्षेत्रवासियों की राह में अक्सर ही यहाँ की रेल्वे लाइन बाधा बन जाया करती थी, जब भी किसी आगंतुक या शहरवासी को अपने किसी आवश्यक कार्य से शीघ्रता से आवागमन करना होता था तब ही जुन्नारदेव का रेल्वे गेट उनके सामने बाधा बनकर उनका रास्ता रोक लिया करता था। इसलिए क्षेत्रवासी दशकों से इस रेल लाइन पर एक ओव्हर ब्रिज बन जाने का सपना देख रहे थे। क्षेत्रवासियों की इस जटिल समस्या को हल करने का बीड़ा जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने उठाते हुए क्षेत्र की जनता से वादा किया था कि वे शीघ्र ही उन्हें इस समस्या से निजात दिलाएंगे। और लगता है अब जल्द ही कोयलांचल वासियों का यह सपना एवं विधायक का संकल्प पूरा होते नजर आ रहा है। जुन्नारदेव के उड़ान पुल का लगभग 90 प्रतिशत



कार्य पूर्ण हो चुका था किंतु इसकी लांचिंग ( उड़ान पुल को रेल्वे लाइन के ऊपर लोहे की गडर से जोड़ने ) की अनुमति नही होने के कारण ओव्हर ब्रिज का काम पिछले कई दिनों से रुका पड़ा था। उड़ानपुल के कार्यपूर्ण होने में आ रही इस समस्या को दूर करने के लिए विधायक श्री उईके ने मध्य रेल नागपुर के मुख्यालय में डी आर एम विनायक गर्ग से 7 जुलाई को मुलाकात कर शीघ्र ही ओव्हर ब्रिज के लांचिंग का शेड्यूल जारी कर अनुमति प्रदान करने का आग्रह था। विधायक श्री उईके का प्रयास अब सफल हो गया है क्योंकि डी आर एम श्री गर्ग ने डिविजनल सर्कल नोटिस के माध्यम से ओव्हर ब्रिज के लांचिंग शेड्यूल को जारी करते हुए अनुमति प्रदान कर दी है। इसके लिए तारीखों का भी निर्धारण करते हुए दो दिन 15 एवं 16 सितंबर को ओव्हर ब्रिज के लांचिंग के कार्य को करने के लिए 3 - 3 घण्टे का ब्लॉक लेने की अनुमति भी जारी कर दी गई है। जुन्नारदेव के इस बहुप्रतीक्षित उड़ान पुल के लांचिंग शेड्यूल के जारी करने एवं अनुमति प्रदान करने पर जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डी आर एम विनायक गर्ग सहित मध्य रेल के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारियों को पूरे कोयलांचल क्षेत्रवासियों की ओर से धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में विराजे भगवान श्रीगणेश

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा जिला कार्यालय में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ भगवान श्रीगणेश जी की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की खुशहाली की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री यादव ने जिलेवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री गणेश जी सभी का मंगल करें और जिलेवासियों के जीवन में सुख समृद्धि लाएं।इस अवसर पर श्रीमती विजया शेषराव यादव, धर्मेन्द्र मिगलानी, विजय पांडे, संजय पटेल, गुरजीत सिंह शंटी बेदी, योगेन्द्र राणा, श्रीमती कांता ठाकुर, दिवाकर सदारंग, अलकेश लाम्बा, संदीप सिंह चौहान, अलकेश साव, अरूण गद्रे, मनोज चौरे, शिव मालवी, मनोज मंडराह, राकेश माईकल पहाड़े, प्रमोद शर्मा, राहुल बंटी उईके, भारत घई, दिन्शु यादव, जुगल यादव, श्रद्धा जैन, कृपाशंकर सूर्यवंशी, मनीष यादव, अनीश पटेल, तरूण सोनी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### दशलक्षण महापर्व पर्यूषण का शुभारंभ आज से

**छिंदवाड़ा।** आज भादों सुदी पंचमी के शुभ दिन सकल दिगंबर जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के श्रावकगण धर्म के प्रथम लक्षण उत्तम क्षमा धर्म से दस दिनों तक चलने वाले दशलक्षण महापर्व पर्यूषण का मंगलमय शुभारंभ करेगा। फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव का शुभारंभ अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में प्रातः 6.50 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चात श्री जिनेन्द्र पूजन के साथ दशलक्षण पूजन, सोलहकारण पूजन एवं पंचमेरू पूजन कर वीतराग भवन में 8.30 से मंगल प्रवचनों की श्रृंखला में गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के सीडी प्रवचन एवं 9 बजे से मुंबई से पधारे पंडित अश्विन भाईजी के मंगल प्रवचनों का लाभ मिलेगा। 10.30 बजे से श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में एवं दोपहर 3.30 बजे स्वाध्याय भवन गोल गंज में जयपुर से पधारे युवा विद्वान पंडित आर्जव जी गोधा के मंगल प्रवचनों का लाभ मिलेगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों का होगा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जिला हॉकी संघ द्वारा 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक हाकी का मैत्री सदभावना मैच खेला जाएगा तथ पश्चात बिभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सभी खेल संघो के सदस्यों द्वारा सुझाव प्राप्त हुई कि मेजर ध्यानचंद जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए ।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं को हाकी के लिए स्कूल प्रबंधन बच्चों को प्रेरित करें जिससे राष्ट्रीय खेल हाकी का भविष्य उज्जवल हो सके।बैठक में विशेष रूप से हाकी संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस,सुशील पटवा, रविकांत अहिरवार, नवेद खान,मुकेश सोनी,शरद स्टीफन, जावेद खान,सारिक सिद्दीकी, विक्रांत यादव,राशिद खान,सिराज खान,नईम खान,फिरोज खान,जेक्शन कुमार,दीपेंद्र शक्रवार,संजय सिसोदिया,रेहान खान विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कमलनाथ और जीतू पटवारी दोनों महिला विरोधीः सांसद

### सांसद ने कहा महिलाओं के प्रति कांग्रेस की घटिया सोच फिर उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

महिलाओं के प्रति कांग्रेस और उसके नेताओं की सोच हमेशा से ही अपमानजनक रही है। अवसर कोई भी हो कांग्रेस के नेता महिलाओं को अपमानित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने कही है।

मंगलवार को जारी एक बयान में युवा सांसद श्री साहू ने कहा कि तत्कालीन कमलनाथ सरकार महिलाओं के लिए शराब दुकान खोलकर मातृ शक्ति का अपमान किया था, वही अब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी हरियाली तीज पर महिलाओं को शराबी कहकर अपमानित कर रहे है। अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखकर पूजा पाठ में लगी महिलाएं यह सुनकर सन्न रह गई कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मध्यप्रदेश की महिलाएं शराबी हैं। ऊपर से जीतू पटवारी की दीदा दिलेरी देखिए कि अपने बयान पर माफी मांगने के बजाए वे पूरी बेशर्मी के साथ इसे जस्टिफाई करने पर तुले हुए हैं।

सांसद श्री साहू ने कहा है कि विडंबना तो यह है कि पिछले दिनों बड़े शेख कमलनाथ और छोटे शेख नकुलनाथ ने छिंदवाड़ा में किए गए आंदोलन का नेतृत्व करने जीतू पटवारी को बुलाया था। अपने बयान से जीतू पटवारी ने न सिर्फ महिलाओं बल्कि छिंदवाड़ा का भी अपमान किया है। प्रदेश की महिलाओं को शराबी कहकर उन्हें अपमानित करने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस को छिंदवाड़ा की जनता और प्रदेश की महिलाएं कभी माफ नहीं करेंगी।

### आज दिशा समिति की बैठक लेंगे सांसद बंटी विवेक साहू

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 28 अगस्त को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक लेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि सभी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों और हितग्राहियों को समय सीमा में मिले। जिसे लेकर केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार सांसद बंटी विवेक साहू को दिशा समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।साथ ही दिशा समिति की बैठक नियमित तौर पर लेने के निर्देश दिये गये है। जिसके तहत ही दिशा समिति की बैठक नियमित तौर पर आयोजित की जा रही है। सांसद श्री साहू ने प्रमुख जनप्रतिनिधियों को दिशा समिति में शामिल करते हुए कार्ययोजना तैयार की है, जिसे लेकर यह बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में सांसद श्री साहू ग्रामीण विकास विभाग (सभी योजनाओं की समीक्षा), महिला एवं बाल विकास विभाग (सभी योजनाओं की समीक्षा), कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग (सभी योजनाओं की समीक्षा), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग (सभी योजनाओं की समीक्षा), युवा मामले और खेल विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए उनके विभागों से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दौरान समिति के सभी सदस्यगण प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित रहेंगे।

## हरितालिका तीज पर महिलाओं ने किया माता गौरी का व्रत, रात्रि में पूजन-अर्चन, सुबह किया गया विसर्जन

**जुन्नारदेव।** हरतालिका तीज के अवसर पर मंगलवार को महिलाओं ने शिव मंदिरों में पूजा की। विवाहित महिलाओं ने सुखी वैवाहिक जीवन के लिए और कुंवारी कन्याओं ने योग्य वर की प्राप्ति के लिए व्रत रखा। महिलाओं ने रात भर जागरण कर माता गौरी की पूजा की। परंपरा के अनुसार हरतालिका की पूजा के साथ भोलेनाथ का अभिषेक भी किया गया। सुबह से ही सजी-धजी महिलाएं शिव मंदिरों में पहुंचीं। भीड़ अधिक होने के कारण कतारबद्ध होकर शिव की पूजा-अर्चना की गई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन व्रत और पूजन का विशेष महत्व है।हरतालिका तीज का व्रत धार्मिक आस्था के साथ-साथ आत्मसंयम और साधना का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने कठोर तपस्या से भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था। यह व्रत साधक को धैर्य, समर्पण और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।



बुधवार सुबह से ही तीज विसर्जन के लिए महिलाएं विसर्जन स्थल पहुंची नगरीय क्षेत्र में बंधाताल, भुजलिया नाला, जुन्नारदेव विशाला में विसर्जन किया गया वहीं ग्रामीण अंचलों में स्थानीय नदियों में तीज विसर्जन किया गया इसके उपरांत महिलाओं ने व्रत खोला। सुबह से ही नदी और तालाबों के पास बड़ी संख्या में महिलाएं पूजन अर्चन करती नजर आई।

### एमपीईबी के कुंड में व्रतधारी महिलाओं ने गौर का किया विसर्जन

# धूमधाम से महिलाओं ने मनाई हरतालिका तीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौरई

पत्नियों ने पति की दीर्घायु और कुंवारी कन्याओ ने मनोवांछित वर पाने की कामना से सुहागन महिलाओं और कन्याओं की ओर से किया गया। निर्जला हरितालिका व्रत का 27अगस्त को सपन्न हो गया। व्रत धारी महिलाओं कुंड के पावन तट पर गौर का पूजन कर कुंड के पावन जल में गौर को विसर्जित कर दिया।

जिसके बाद महिलाओं ने तीज के कठिन व्रत को तोड़कर अन्न-जल ग्रहण किया। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरितालिका तीज का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के अखंड जुड़ाव का प्रतीक है। इस दिन व्रत धारी महिलाएं भगवान शिव व माता पार्वती की विधिवत पूजा करती है। नगर के एम पी ई बी के पुरानी बावली को पार्षद अमित चौरसिया और फरजाना मंसूरी के अथक प्रयास से नगर पालिका के माध्यम से सफाई कराकर बावली को सफाई कराई गई जहाँ नगर की महिलाओ ने गोरी मईया का विसर्जन किया और सभी महिलाओ ने पार्षद व नगर पालिका,पुलिस प्रशासन के सहयोग सभी ने धन्यवाद दिए मान्यता है कि इस दिन गौरी-शंकर की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यह एक कठिन और सबसे लंबी अवधि का व्रत है। जो सूर्योदय से शुरू होकर दूसरे दिन सूर्योदय तक उपासक निराहार निर्जला रूप से व्रत धारी महिला और कन्याओं की ओर से किया जाता है।गौर विसर्जन के साथ महिलाओं ने निर्जला व्रत खोला।नगरीय क्षेत्र के कुंड सुबह से ही गौर विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में व्रत धारी महिलाओं ने भगवान शंकर और माता पार्वती के रेत से बनाए गए अक्श और गौर का विसर्जन किया। व्रत धारी सुहागन महिला श्रीमती पूजा सेन ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शंकर को वर के रूप में पाने के लिए यह कठिन व्रत किया था, उनके जैसा व्रत को संभव नहीं है लेकिन परंपरानुसार और धार्मिक मान्यता के तहत सुहागन महिलाएं पति की दीर्घायु और कुंवारी कन्याएं भगवान शिव की तरह सुयोग्य वर पाने के लिए यह निर्जला व्रत करती है। रात्रि में पूजन के बाद दूसरे दिन गौर का विसर्जन कर व्रत को तोड़ती है।



## थाना प्रभारी को सीसी रोड नहीं बनने पर चक्काजाम का दिया आवेदन

# तामिया पंचायत में अवकाश के दिन आक्रोशित वार्डवासी सीसी रोड की मांग करने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



मुख्यालय की ग्राम पंचायत तामिया जो भ्रष्टाचार का अधिकारियों के संरक्षण में पर्यायत चुकी है। यहां पर अधिकारी अपनी मर्जी का सचिव इसलिए नियुक्त करते हैं कि यहां पर भ्रष्टाचार की कमाई उन्हें मनमाने तरीके से मिल सके। ग्राम पंचायत ने सीमेंट रोड रिटर्निंग बाल सहित मनरेगा एवं पांचवें राज्य वित्त आयोग की राशि मै खुला भ्रष्टाचार किया गया। इस सारे भ्रष्टाचार के लिए जिला पंचायत में सीईओ जनपद पंचायत की अनुशंसा पर डोब के सचिव को. अतिरिक्त प्रभार दिला कर अनावश्यक जगह सीमेंट रोड बनाई गई है जिसकी जांच की जा सकती है, लेकिन जहां आवश्यकता नहीं थी वहां भी रोड बनाना उचित समझा क्योंकि वहां भ्रष्टाचार की गुंजाइश अधिक थी, लेकिन इसके विपरीत जहां सीमेंट रोड की आवश्यकता थी। ऐसा ही एक उदाहरण आज तामिया पंचायत के वार्ड नंबर 10 यादव मोहल्ला के निवासी सीमेंट रोड निर्माण की मांगों को लेकर छुट्टी के दिन भी ग्राम पंचायत पहुंचे तो समझा जा सकता है कि उन्हें सीमेंट रोड की कितनी आवश्यकता है। इस वार्ड के निवासियों कहना है कि हमारे बच्चे बीमार लोगों को बरसात के दिनों में निकलना दूभर है। ग्राम पंचायत में कोई नहीं मिलने की दशा में सरपंच पति को मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने आक्रोशित वार्ड वासियों को एक माह में सीमेंट रोड बनाने का आश्वासन दिया लेकिन वे भरोसा करने तैयार नहीं थे। इसलिए उन्होंने चक्का जाम का ऐलान किया और इससे संबंधित आवेदन नगर निरीक्षक थाना तामिया को सौपा तो समझा जा सकता है कि वार्ड वासी कितने पंचायत से नाराज हैं। थाना प्रभारी ने आवेदन देने वालो को बतलाया कि हम संबंधित विभाग को आपकी समस्या प्रेषित करेंगे। चक्का जाम की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, लेकिन यदि शीघ्र उनकी सीमेंट रोड नहीं बनाई गई तो निश्चित यह महिला पुरुष बच्चे जो पंचायत मै रोड की मांग लेकर पहुंचे थे वह निश्चित चक्का जाम करेंगे।

इसके लिए ग्राम पंचायत को दोषी माना जाएगा। इस तरह आज वार्ड वासियों ने सीमेंट रोड बनवाने के लिए अपनी समस्या के साथ आक्रोश जतलाया अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत इनकी समस्या का निदान कैसे करती है या चक्का जाम की स्थिति निर्मित करवाती है जिसके लिए ग्राम पंचायत सरपंच सचिव क्यों ना पूर्ण रूप से जिम्मेदार माने जाएं।

## बिछुआ कॉलेज में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत निकाली जागरूकता की रैली




**बिछुआ।** समाज में नशे की बीमारी एवं लत को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले के विकासखंड बिछुआ के शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में गत दिवस महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल डॉ.नवीन कुमार चौरसिया (पुरुष इकाई) एवं डॉ.नसरीन अंजुम खान (महिला इकाई) द्वारा नशामुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम की रैली का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति से संबंधित स्लोगन के नारे लगाए गए एवं शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में स्वयंसेवकों द्वारा युवाओं को नशे की लत से बचाने व उसके दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। नशा न करने के संबंध में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति के संकल्प पत्र भी भरवाए गए। इस रैली में महाविद्यालय का स्टाफ डॉ.मनीता कौर विरदी, डॉ.शशि उइके, डॉ.शिवानी सोनी, डॉ.कीर्ति डेहरिया, श्री मनीष पटेल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक श्री अभय इंदौरकर, श्री फिरोज, श्री अक्षय मरावी, श्रीमती हिमांशी पाठक, श्रीमती दिव्या खरपूसे, श्रीमती अंबिका साहू, श्रीमती रोशनी मरकाम, श्री हर्षित गोदेवार इत्यादि शामिल रहे।

## 207 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य जांच परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत भमोड़ी में वेकोली पेंच क्षेत्र एवं विवांता मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल छिंदवाड़ा के सहयोग से स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन नवीन पंचायत भवन में किया गया जहां पर 207 महिला पुरुष मरीज के स्वास्थ्य की जांच परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। सभी मरीजों को नाश्ता पैकेट प्रदान किया गया। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम पंचायत के अनुरोध पर पेंच प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सक डॉ कुणाल यादव, डॉ दीपक बंदेवार, फार्मासिस्ट निकिलेश राहा, संदीप राय, नरेश कुमार, शीला, मालती धीमान, पूजा कैथवास, निकहत, अलकेश चंद्रवंशी मेडिकल टीम में शामिल रहे।



### घरों घर विराजे श्री गणेश, भक्ति के रंग में रंगा जुन्नारदेव

**जुन्नारदेव।** नगर में चारों ओर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को विराजित करने का दौर जारी रहा जहां पर घरों घर भगवान श्री गणेश की स्थापना शहर वासियों द्वारा की गई नगरी क्षेत्र में घरों घर भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन किया गया और उन्हें अपने घर में विराजित कराया गया देर रात तक भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन का दौर जारी रहा जहां पर हर भक्त भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आया। 10 दिनों तक भगवान श्री गणेश का उत्सव जारी रहेगा।

## उपयंत्री आरपार की लड़ाई के मूड में, अनिश्चितकालीन हड़ताल का दिया ज्ञापन

### प्रधानमंत्री की मां की बगिया योजना शेष बचे बीस दिनों में कैसे होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



मनरेगा के उप यंत्री अपनी 8 सूत्रीय मांगों के निराकरण किए जाने संबंधी ज्ञापन द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित भोपाल तक के अधिकारियों को दिया गया है। प्रदेश भर के मनरेगा उपयंत्री विगत कई वर्षो से विभिन्न संगठनों के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर शासन को अवगत कराते रहे हैं किंतु मांगे पूरी नहीं हो पा रही हैं।

मनरेगा के उप यंत्री प्रदेश सरकार से आर पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं क्योंकि मुख्य अभियंता द्वारा उनके बदले दूसरे उपयंत्रियों से ग्रामीण क्षेत्र एवं पंचायत के निर्माण करवानेआदेश किये गए थे। लेकिन उनका यह आदेश कारगर साबित होता कहीं से भी नजर नहीं आ रहा है। इसका मूल कारण यह है कि तामिया के 5 सेक्टरों के अंतर्गत आने वाली 56 ग्राम पंचायत में एक उप यंत्री तैनात किया गये है जो इस ब्लॉक में तैनात नहीं है तो समझा जा सकता है कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति एवं संबंधित पंचायत के पदाधिकारी से कैसे संपर्क करेंगे। जिस कारण यह आदेश केवल खानापूर्ति एवं उप यांत्रियों को अघोषित रूप से धमकाने जैसा ही साबित हो रहा है।

निर्माण कार्यों में भले ही देरी हो जाए, लेकिन सबसे प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना के तहत पौधे रोपे जाना है। हड़ताल पर उपयंत्री के चले जाने के कारण ना तो हितग्राहियों के चयन नहीं हो पा रहा है ना हीं पौधे रोपे जाने संबंधित तकनीकी प्रक्रिया स्थल चयन हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में मां के नाम बगिया के तहत रोपे जाने वाले पौधे के लिए मात्र 20 दिन शेष बचे हैं। ऐसे में ना तो पौधे के लिए चयन के अलावा गड्ढे खुदाई शुरू हो पाया है और वृक्षारोपण के लिए पौधे जो हैं। दोयम दर्जे के मिलेंगे। क्योंकि वृक्षारोपण लगभग सभी विभागों द्वारा किया जा चुका है जो और समाप्ति की ओर है। ऐसी स्थिति में हड़ताल का असर इस प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण मां की बगिया योजना पर पड़ेगा, लेकिन ऐसी सारी स्थितियो से निपटने के लिए ना तो शासन ना प्रशासन उपयंत्रीयो से चर्चा को तैयार है। यदि शीघ्र ही कोई रास्ता नहीं निकला गया तो ग्रामीण क्षेत्र के विकास एवं मां की बगिया के तहत रोपे जाने वाले पौधारोपण पर ग्रहण लगा लाजमी है। इसके लिए क्यों ना शासन एवं प्रशासन के अधिकारियों को जिम्मेदार माना जाए।

## उपयंत्रियों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल



### कटंगी जनपद अध्यक्ष कविता देशमुख ने हड़ताल को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मनरेगा अभियंता संघ के आहवान पर जनपद पंचायत कटंगी के सभी उपयंत्रियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है. 08 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार सरकार का ध्यानाकर्षण कराने के बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर की जनपद पंचायतों में सेवारत ग्रामीण उपयंत्रितयों ने अनियश्तिकालीन हड़ताल का फैसला लिया है. कटंगी में उपयंत्रियों ने हड़ताल में जाने के बाद जनपद सीईओ गायत्री कुमार सारथी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता देशमुख को ज्ञापन सौंपा है. जनपद अध्यक्ष ने उपयंत्रियों की हड़ताल को अपना समर्थन देते हुए उनकी मांगों को जायज करार दिया है. उपयंत्रियों की हड़ताल को सरपंच संघ, पंचायत सचिव संघ और ग्राम रोजगार सहायक संघ ने भी अपना समर्थन दिया है।

मनरेगा अभियंता संघ प्रमुख तौर संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक की सेवा अवधि से समकक्ष सेवा अवधि वाले नियमित उपयंत्री के वेतन के समतुल्य करने और वार्षिक वेतन वृद्धि मिलने के आदेश तत्काल जारी करने, मनरेगा उपयंत्री की मृत्यु होने पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति मिलने के आदेश तत्काल जारी करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए है।

### केशरीमल पेट्रोल पम्प कि जांच मे नहीं मिली कोई कमियां, पेट्रोल व डीजल कि देखी गुणवत्ता

## पेट्रोल पम्प की जांच करने जांच दल लेकर पहुंचे एसडीएम



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी नगर के बालाघाट मार्ग पर स्थित केशरीमल पेट्रोल पम्प मे विगत दो दिनों से गाडियां खराब होने कि शिकायत प्राप्त होने लगी थी, वहीं ग्राहको ने मौके पर बताया कि पेट्रोल डालने से गाडियां खराब होने लगी जिसको लेकर सभी बाईक के चालक पेट्रोल पम्प मे पहूंचकर पेट्रोल पम्प मालिक से शिकायत करने लगे कि आपके पेट्रोल पम्प से हमारे द्वारा पेट्रोल डलवाये जाने पर गाडियां चालु नहीं हो रही है और हो भी रहीं है तो झटकों के साथ जिसको गैरेज मे रिपेरिंग करवाने पर 5-6 हजार रूपयों का खर्चा आ रहा है। जिसपर पेट्रोल पम्प के मालिक श्री अग्रवाल द्वारा ग्राहकों को कोई पेट्रोल मे मिलावट नही होने कि बात कहीं गई। वहीं पेट्रोल पम्प मे उपस्थित कुछ ग्राहकों के द्वारा 26 अगस्त को इस समस्या कि जानकारी लांजी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी कमलचंद सिंहसार को दूरभाष के माध्यम से बतायी गई। जिसपर लांजी एस डी एम श्री सिंहसार ने समस्या को विस्तार से सुना और उन्होनें आश्वासन दिया कि 27 अगस्त को खादय विभाग कि जांच टीम लांजी के पेट्रोल पम्प पर पहूंचकर अग्रिम कार्यवाही करेंगी। जिसपर 27 अगस्त को केशरीमल पेट्रोलपम्प में अपने दल बल के साथ लांजी एसडीएम पहूंचे। शिकायत अनुसार पेट्रोल व डीजल कि गुणवत्ता का मापदंड देख उचित जांच कि गई। जांच दौरान कोई गडबडी नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त ग्राहकों के लिए उपयुक्त होने वाली सुविधाओं का भी देखा गया। कार्यवाही के दौरान जांच दल में लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार, खादय विभाग अधिकारी गेंदलाल सनोडिया, आ र आई भुपेन्द्र अहिरवार, लांजी हल्का पटवारी देवराज रहांगडाले द्वारा उक्त पेट्रोल पम्प के जांच कि गई।

**साफ-सफाई पानी और शौचालय कि स्थिति भी देखी गई :** जांच मे पहूंचे एसडीएम एवं फुड इंस्पेक्टर ने पम्प परिसर मे साफ-सफाई कि व्यवस्था एवं पीने कि पानी कि सुविधा कि व्यवस्था तथा पम्प परिसर मे शौचालय कि व्यवस्था कि भी जांच कि गई। वहीं एसडीएम श्री सिंहसार ने पम्प संचालक को ग्राहक सुविधांए सुधारने के भी निर्देश दिये। इसके अलावा आग बुझाने के लिए रखे गए फायर सेफटी उपकरणों मे एक्पायरी दिनांक देखी गई। पेट्रोल पम्प मे एस डी एम ने शिकायत पेटी अदंर पाये जाने पर संचालक को फटकार लगाते हुए शिकायत पेटी को बाहर लगाने कहा गया।

**वाहनों मे पडने लगा है पेट्रोल मे एथेनाल मिलाने का असर:** जानकारी मे जांच अधिकारी ने बताया कि पेट्रोल मे एथेनाल कि मात्रा बढने से इंजन के पुर्जे खराब हो सकते है औंर इंधन कि खपत बड सकती है, माईलेज कम हो सकता है। इंजन मे खराबी आ सकती है और कार्बोरेटर खराब हो सकता है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा पेट्रोल व डीजल कि गुणवत्ता कि जांच कि गई जिसमें किसी भी प्रकार कि कोई मिलावट नहीं पाई गई। वहीं पेट्रोल पम्प से 15 लीटर पेट्रोल निकालकर जांच की गई और टेंक के अन्दर ड्रिप डालकर भी हमारे द्वारा चेक किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राहकों के लिए उपयुक्त होने वाली सुविधाओं का भी देखा गया। इंडियन ऑयल पेट्रोल कारपोरेशन से बात कर हमारे द्वारा पेट्रोल कि लैब टेस्टिंग करवायी जायेगीं जिससे ग्राहको को शुध्द पेट्रोल मिल सकें।

**कमल चंद सिंहसार**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी**

## विधायक विवेक विक्की पटेल ने कार्यपालन अभियंता भैना से की विभिन्न विषयों पर चर्चा

### घटिया सामान लगने के कारण बार-बार हो रही विद्युत कटौती-विवेक पटेल



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की जनता बेहद परेशान हैं, जिसकी शिकायत विधायक विवेक विक्की पटेल से लगातार की जा रही थी। विधायक विवेक विक्की पटेल ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालन अभियंता बी एल भैना को समस्याओं से अवगत कराया था। जिसके बाद विधायक कार्यालय पहुँच कर कार्यपालन अभियंता बी एल भैना और सहायक अभियंता राहुल तुरकर ने विधायक विवेक विक्की पटेल के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और जल्द ही समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। कार्यपालन अभियंता बी एल भैना ने कहा कि बारिश का मौसम चल रहा हैं, बारिश समाप्त होते ही जहाँ घटिया सामान लगा हैं, उसे ठीक करने के निर्देश दिए, उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मिले, हमारा यही प्रयास रहता हैं। विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से अघोषित विद्युत कटौती नहीं की जाती हैं, विभाग द्वारा बरसात के पहले भी और बरसात के बाद भी मेंटेनस का कार्य किया जाता हैं। विभाग में पर्याप्त सामान मौजूद हैं, फिर भी कुछ सामानों की कमी हैं, हमारे द्वारा विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया हैं।

## कृषि अधिकारी ने दी छात्र-छात्राओ को कृषि विषय की विस्तृत जानकारी



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** सांदीपनि शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय खैरलांजी में आमंत्रित अथिति विद्वान आर. पी. मर्सकोले प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खैरलांजी के द्वारा 25 अगस्त सोमवार को कृषि सकांय की कक्षा 11 वीं एंव कक्षा 12 वीं की कृषी विषय की कक्षा में अध्ययनरत छात्र छात्राओ को कृषि विषय पर विशेष लेक्चर दिया गया । जानकारी के अनुसार स्कूल में कृषि संकाय के अध्ययनरत बच्चो को कृषि विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए स्कूल प्रबंधन के द्वारा अतिथी विद्वान के रूप में कृषि विभाग से आर.पी. मर्सकोले वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी को आमंत्रित किया गया था।इस दौरान आमंत्रित कृषि विद्वान आरपी.मर्सकोले के द्वारा कक्षा ग्यारहवी, बारहॅवी में कृषि विषय के विधार्थीयो को बीजोपचार, मिट्टी नमूना,कृषि यंत्र,जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, बर्मी कम्पोस्ट खाद,नाडेप कम्पोस्ट खाद,हरि खाद,रासायनिक खाद,रासायनिक कीटनाशक दवाओं के दुष्परिणाम जीवामृत , बीजामृत, निमास्त्र,ब्रह्मास्त्र, दसपर्णी, देशी गाय के गोबर, गौ मूत्र के लाभ,आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया गया साथ ही कृषि के महत्व को विस्तृत रूप बताया गया एंव कृषको के हित में संचालित होने वाली शासकीय योजनाओ को भी अवगत कराया गया ।

## हरितालिका तीज व्रत कर खिल उठे महिलाओं के चेहरे



हरिभूमि न्यूज उकवा।

हिंदू धर्म में कई ऐसे कठोर व्रत हैं जो अपने पति की लंबी उम्र-अखंड सौभाग्य के लिए रखे जाते हैं. इनमें दो पर्व सबसे अहम हैं- हरतालिका तीज और करवा चौथ। किंतु आज हम जिस व्रत की बात करने वाले हैं वो सुहागिन महिलाओं का पर्व, हरतालिका। इस दिन महिलाएं हरतालिका तीज का व्रत रखती है। कहते हैं कि इस दिन माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए व्रत किया था, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने माता पार्वती से विवाह किया। इसलिए सुहागिन महिलाएं इस दिन पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं। आज उकवा एवं आस पास के ग्रामों में इस व्रत को बड़ी ही अच्छे से रखा गया। बताते है कि इस व्रत को कुंवारी लड़कियां और शादीशुदा महिलाएं दोनों रख सकती है। जहां कुंवारी बालिका अच्छे पति पाने की चाह में और महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए इस व्रत को करती है।

### रात के अंधेरे मे ले जा रहे गौ वंश से भरे ट्रक को गौ रक्षकों ने पकडा, किया पुलिस के हवाले

## लांजी क्षेत्र मे थम नहीं रहे गौ तस्करी के मामले, ट्रक से 36 गौ वंश किये गए बरामद



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सरकार के निर्देश और पुलिस के सख्त पहरे के बाद भी लांजी क्षेत्र मे गौ तस्करी के मामले थमते नजन नही आ रहे है। ताजा मामला बालाघाट जिले के लांजी तहसील से सामने आया है जहां 26 अगस्त कि रात मे लगभग दो बजे विश्व हिन्दू परिषद लांजी के प्रथम संयोजक राजु रामटेक्कर के मार्गदर्शन मे अपने कार्यकर्ताओं के साथ सुचना मिलने पर देवरबेली कि ओर से आ रही आईसर ट्रक जिसका वाहन क्रमांक एम एच 34 बी जी 8994 जो तेज रफतार से आमगांव रोड महाराष्ट्र कि ओर जा रहा था जिसका पीछा विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। परन्तु वाहन चालक के द्वारा वाहन को रोका नही गया । आनन-फानन में ग्राम साडरा मे विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त गौवंश से भरे ट्रक के सामने आने के बावजूद भी वाहन चालक द्वारा वाहन को घुमाकर लांजी कि ओर ले जाया जा रहा था तभी विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा वाहन को पालडोंगरी के पास रोका गया तब इसकी जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के संयोजक राजू रामटेक्कर द्वारा लांजी थाना प्रभारी विभेन्दु व्यंकट टांडिया को दी गई जिसपर थाना प्रभारी ने तुरंत दल-बल के साथ मौका स्थल पर पहूंचकर वाहन मे ठुस-ठुस कर भरे 36 गौ वंशो को अपने अभीरक्षा मे लिया वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाकर उक्त वाहन चालक मौका स्थल से फरार हो गया। वाहन का कंडेक्टर पुलिस के हत्थें चड गया जिसपर लांजी पुलिस ने 36 गौ वंशों से भरे वाहनों को लांजी थाने परिसर मे लाकर खडा किया। लांजी क्षेत्र मे पुलिस द्वारा गौ वंश को लेकर लगातार कार्यवाही कि जा रही है। इसके पूर्व भी लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम चिचटोला से एम्बुलेंस मे भरे गौ वंश को भी लांजी पुलिस ने धर दबोचा था। उस कार्यवाही के कुछ समय बाद सालेटेकरी रोड बकरामुंडी वन नाके के पास भी गौ वंश से भरे ट्रक को भी लांजी पुलिस द्वारा जप्त किया गया था जो आज भी पुलिस अभिरक्षा मे पुलिस थाना परिसर मे खडा है।

**महाराष्ट्र से जुडे है तार:** पुलिस ने ट्रक को जप्त कर मालिक कि तलाश शुरू कर दी है मामले कि शुरूआत जांच में पता चला कि गौ तस्कर महाराष्ट्र के बुचड खाने के लिए गौ वंश कि तस्करी कर रहे थे । पुलिस ने मामले कि गंभीरता देखते हुए मामला दर्ज कर लिया गया हैं उक्त फरार आरोपीयों कि पुलिस तलाश कर रही है।

**नही थम रहा पशु तस्करी का धंधा:** लांजी क्षेत्र में पशु तस्करी का धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा है। हांलाकि पुलिस द्वारा समय-समय पर कार्यवाही भी कि जा रही है लेकिन गौ तस्करों पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए चुनौती साबित हो रहा है। वही लम्बे समय से गौ तस्कर सालेटेकरी रोड के धर्मशाला, मछुरदा, देवरबेली व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से गौ वंशो को एकत्रित कर कंटेनर गाडी, आइसर ट्रक एवं एम्बुलैंस जैसे वाहनों मे भरकर महाराष्ट्र तस्करी करने के लिए ले जाते है।

## खबर संक्षेप

### गायत्री अनुष्ठान, साधना के साथ पूर्णाहुति सम्पन्न

छपारा,,, गायत्री शक्तिपीठ छपारा में 40 दिवसीय अनुष्ठान की पूर्णहूती, सैकड़ो साधकों के एवं परिजनों के बीच 3 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होकर दी आहुतियां। गायत्री शक्ति पीठ छपारा में सभी के उज्जवल भविष्य एवं सद्बुद्धि के भाव से विगत 11 जुलाई 2025 से 20 अगस्त 2025, तक 40 दिनों का यह अनुष्ठान जप, लेखन करके सैकड़ों साधकों ने इस महायग में भाग लिया, गायत्री शक्ति पीठ छपारा में 40 दिनों तक चली गायत्री मंत्र जाप की प्रक्रिया में प्रत्येक परिजनों ने 1 दिन में एक माला से 33 माला तक जप कर, इंद्रियों को साधकर अपने और परिवार समाज एवं राष्ट्र की प्रगति उन्नति एवं सुरक्षा हेतु यह अनुष्ठान शांतिकुंज हरिद्वार एवं उपजोंन छिंदवाड़ा के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ। गायत्री परिवार की धुरी साधना से आत्म परिष्कार, आत्म निर्माण, और आत्म विश्वास पैदा करने शक्ति होती हैं।

# अवैध पेट्रोल-डीजल के धंधे ने ली एक और जान, ढाबा और टैंकर में लगी भीषण आग, जिंदा जल गया युवक

**बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम कौडिया में बीती रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। लंबे समय से चल रहे अवैध पेट्रोल-डीजल के कारोबार ने आखिरकार एक मासूम जान ले ली। ढाबे और टैंकर में अचानक लगी आग से पूरा क्षेत्र दहशत में आ गया और स्थानीय युवक पंकज रहांगडाले जिंदा जलकर राख हो गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बीती रात एक फेडरल टैंकर से चोरी-छिपे डीजल निकाला जा रहा था। इसी दौरान अचानक मोटर में शॉर्ट सर्किट हुआ और चंद सेकंड में ही आग ने टैंकर व ढाबे को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि आस-पास अफरा-तफरी मच गई।
टैंकर ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए जलते हुए वाहन को सड़क किनारे लगभग 100 मीटर दूर खड़ा कर दिया और किसी तरह अपनी जान बचाई, लेकिन वह भी गंभीर रूप से झुलस गया।स्थानीय लोगों ने खुलासा किया कि बरघाट क्षेत्र में जंगल किनारे बने ढाबे लंबे समय से अवैध ईंधन व्यापार का केंद्र बने हुए हैं। ट्रकों और टैंकरों से चोरी-छिपे पेट्रोल-डीजल निकालकर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचा जाता था।
ग्रामवासियों का कहना है कि अगर प्रशासन समय रहते कार्रवाई करता, तो शायद युवक पंकज की जान बच सकती थी।जांच में सामने आया है कि छोटी पानी की मोटर लगाकर टैंकर से डीजल निकाला जा रहा था। टैंकर के ऊपर से पाइप डालकर ईंधन निकालने की यह खतरनाक प्रक्रिया ढाबा मालिक और टैंकर ड्राइवर की मिलीभगत से चल रही थी। माना जा रहा है कि इसी दौरान मोटर में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग भड़क उठी।

**घंटों जाम, पुलिस-प्रशासन की दौड़भाग**

आग लगने से हाईवे पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस और प्रशासन ने तत्काल वाहनों की आवाजाही रोक दी ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो। फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और टैंकर को ब्लास्ट होने से बचा लिया। लेकिन पंकज रहांगडाले की जिंदगी इस आग में खत्म हो गई।

**प्रशासन की मौजूदगी**

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहनीश बैस, एसडीओपी ललित गठरे और तहसीलदार अमरित लाल धुर्वे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने रातभर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटकर एक बड़े हादसे को टाल दिया।
बरघाट की यह घटना सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि अवैध पेट्रोल-डीजल माफिया की लापरवाही का नतीजा है। यह सवाल अब और तेज़ी से उठ रहा है कि आखिर कब तक प्रशासन की नाक के नीचे यह खतरनाक धंधा फलता-फूलता रहेगा?

### सिवनी जिला बना ओवरऑल चैंपियन जीते 18 स्वर्ण पदक, जबलपुर द्वितीय और मंडला रहा तृतीय स्थान में

सिवनी. कार्यालय जिला शिक्षा सिवनी ,सिवनी शिक्षा विभाग द्वारा उदय पब्लिक स्कूल सिवनी के हाल में संभाग स्तरीय वुशु चयन स्पर्धा का आयोजन किया। इस स्पर्धा में जबलपुर संभाग के जिले जबलपुर, मंडला,छिंदवाड़ा,सिवनी के 120 खिलाडियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित खिलाडी राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेंगे।
उदय पब्लिक स्कूल सिवनी में संभाग स्तरीय वुशु स्पर्धा का आयोजन शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया इस स्पर्धा में जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस ,राघवेंद्र ठाकुर प्राचार्य उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, अनिल राजपूत, मीनाक्षी मेश्राम के आतिथ्य में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक सोहन लाल सेन खेल प्रशिक्षक उदय पब्लिक स्कूल सिवनी ,पंकज कोस्टा SGFI नेशनल जज, मनीष तुमन्ने उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, उमेश ऊईके ने ऑफिसियल की भूमिका निभाई।

## तीन आरोपियों से चोरी की विद्युत मोटर जप्त

**सिवनी।** सूचनाकर्ता तुलसीराम डहेरिया निवासी झिलमिली थाना छपारा ने ग्राम झिलमिली स्थित उसके खेत के कुएँ से अज्ञात आरोपियों द्वारा दिनांक 18/08/25 से 23/08/25 की दरम्यानी रात के मध्य प्रार्थी के कुएँ से 7.5 एचपी की विद्युत मोटर कीमति करीबन 35000/- रूपये की चोरी करने की रिपोर्ट थाना उपारा में की गई थी। सूचना पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 375/2025 धारा 303)2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की सूचना तत्काल वरिष्ट अधिकारियों को देने पर पुलिस अधीक्षक जिला सिवनी द्वारा तत्काल टीम गठित कर घटना के प्रत्येक पहलू की बारीकी से जाँच कर मामले का निराकरण करने हेतु आदेशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के दिशा निर्देशन एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय लखनादौन के नेतृत्व में थाना पुलिस छपारा द्वारा मामले के अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु सघनता से जाँच प्रारंभ की गई।
मामले की विवेचना के दौरान घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर एवं मुखबिरो से प्राप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध की जानकारी प्राप्त हुई। संदेह के आधार पर आरोपियों राजकुमार उड़के, राजा उइके, सुरेन्द्र उड़के से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल करते हुये दिनांक 21/08/25 की रात में ग्राम झिलमिली स्थित प्रार्थी के खेत के कुएँ से विद्युत मोटर चोरी करना स्वीकार किया। उक्त आरोपियों के कब्जे से चोरी की 7.5 एचपी की विद्युत मोटर कीमति करीबन 35000/- रूपये बरामद कर घटना में आरोपियों द्वारा प्रयुक्त मोटरसायकिल वाहन ,क्र. एमपी 22 एमएम 0218 जप्त कर उक्त 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी (1) राजकुमार पिता बुधनसी उइके उम्र 27 वर्ष निवासी झिलमिली थाना छपारा (2) राजा पिता सुखचैन उड़के उस 25 वर्ष निवासी झिलमिली थाना छपारा (3) सुरेन्द्र उड़के पिता रामप्रसाद उड़के उम्र 45 वर्ष निवासी रणधीर नगर जप्तमशरुका (1) 7.5 एचपी की विद्युत मोटर कीमति करीबन 35000/- रुपये (2) मोटरसायकिल वाहन क. एमपी 22 एमएम 0218 कीमति करीबन 40000/- रूपये सराहनीय कार्य निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उप निरीक्षक सुक्कूलाल उड़के, प्रधान आरक्षक 110 विनोद बघेल, आरक्षक 817 आशीष चौहान थाना छपारा।

## बसों में किराया सूची चस्पा, पारदर्शिता के लिए शिकायत नंबर भी जारी

**सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले में यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सिवनी बस स्टैंड परिसर एवं सभी बसों में किराया सूची जिला परिवहन विभाग द्वारा चस्पा कर दी गई है।**

इसके साथ ही किसी भी तरह की अनियमितता या अधिक किराया वसूलने की स्थिति में यात्री तुरंत शिकायत कर सकें, इसके लिए विभाग ने शिकायत हेतु संपर्क नंबर भी जारी किया है।
जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस व्यवस्था से यात्रियों को विभिन्न गंतव्यों तक की बसों के सही किराए की जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी। वहीं, मनमाने ढंग से अधिक किराया वसूलने वालों पर भी रोक लग सकेगी। यदि कोई बस संचालक तय किराए से अधिक राशि वसूलता है, तो यात्री सीधे जारी किए गए नंबर 7974522166 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
यात्रियों का कहना है कि लंबे समय से उन्हें बस किराए की सटीक जानकारी नहीं मिलती थी, जिससे विवाद और परेशानी की स्थिति बन जाती थी। अब सूची चस्पा होने और शिकायत नंबर जारी होने से उन्हें पारदर्शिता और सुविधा दोनों मिलेगी।

## पति-पत्नी पर चाकू से हमला कर युवक हर्षित ने खुद के शरीर पर चलाया चाकू, मौत

**सिवनी। सिवनी में हरितालिका के दिन मंगलवार की रात फिर एक चाकू बाजी की घटना सामने आई जहां चाकू के वार से लुघरवाड़ा निवासी एक युवक ने अपने परिचित एक पति-पत्नी को जबलपुर रोड स्थित साई रेंसीडेंन्सी के पास जहां चाकू मार कर घायल किया है वही युवक ने अपने आप को भी चाकू मार लिया जिससे युवक की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लुघरवाड़ा निवासी अर्शित (हर्षित) वर्मा ने अपने परिचित एक पति-पत्नी दंपति के ऊपर किसी बात को लेकर चाकू से हमला कर दिया। कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि दलसागर तालाब साईं हॉस्पिटल के समीप निवासरत प्रकाश ठाकुर व उनकी पत्नी श्रद्धा ठाकुर के ऊपर हर्षित वर्मा ने पहले चाकू से हमला बोल दिया। जहां प्रकाश ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं उनकी पत्नी श्रद्धा ठाकुर भी घायल हुई है जिनका इलाज सिवनी अस्पताल में चल रहा है। इसके साथ ही हमलावर युवक ने अपने आपको भी घायल कर लिया अपने शरीर में चाकू से शरीर की नसों को काट लिया। जहां अधिक रक्तस्राव के चलते युवक की मौत हो गई। फिलहाल कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में दिया है।

## आगामी 1 सितंबर को 2.0 पोर्टल के कार्यों का करेंगे बहिष्कार, पटवारी संघ ने सौपा ज्ञापन

**घंसौरा /** सिवनी तहसील पटवारी संघ घंसौर के समस्त सदस्यों द्वारा 26 अगस्त 2025 को प्रमुख सचिव राजस्व, मध्य प्रदेश शासन, वल्लभ भवन भोपाल के नाम घंसौर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर नवीन ऑनलाइन बेवजी आईएस 2.0 पोर्टल मैं कार्य करने के दौरान आने वाली परेशानियां, और समस्याओं के अति शीघ्र निराकरण की मांग।
मिली जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के द्वारा प्रमुख सचिव राजस्व को प्रस्तुत ज्ञापन क्रमांक 223/पट. संघ /2025. भोपाल दिनांक 12/08/2025 के अनुसार नवीन ऑनलाइन बेवजीआईएस 2.0 पोर्टल में कार्यों के दौरान आ रही विसंगतियो, एवं कार्य संपादन में तकनीकी, और व्यवहारिक,परेशानियों को लेकर प्रमुख सचिव राजस्व, एवं आयुक्त भू अभिलेख को अवगत कराया गया थ. साथ ही पटवारियों द्वारा एक सप्ताह के अंदर नवीन पोर्टल में आने वाली दिक्कतों के निराकरण हेतु समय दिया गया था. किंतु आज दिनांक तक इस नए पोर्टल में सुधार नहीं किया गया, जिससे जगह जगह पटवारियो द्वारा पोर्टल के विरोध में ज्ञापन सौंप जा रहे हैं.

**1 सितंबर को पोर्टल से संबंधित नहीं करेंगे कार्य**

पटवारी तहसील संघ द्वारा ज्ञापन सौंप कर अधिकारियों को अवगत कराया गया कि इस नए पोर्टल 2.0 को जब तक, पटवारी यूजर फ्रेंडली. या फिर अनुभवी टीम द्वारा संयुक्त दल बनाकर उपयोग संबंधी दिशा निर्देशों का प्रशिक्षण नहीं कराया जाता, तो ऐसी स्थिति में आगामी 1 सितंबर दिन सोमवार पटवारी संघ तहसील के समस्त पटवारी पोर्टल से संबंधित कार्यों से विरत रहेगे, जिसकी संपूर्ण जबाबदारी शासन प्रशासन की होगी।
नवीन ऑनलाइन पोर्टल 2.0 के कार्यों से संबंधित. पटवारी स्तर के कार्य जिनमे न्यायालय के आदेशों, खसरा, आधार केवाईसी. नामांतरण, दुरुस्ती के कार्यों को करने में पटवारी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिस वजह से पटवारी के विरोध में. शिकायतें और सीएम हेल्पलाइन बड़ी मात्रा में लोगों के लगाई की जा रही हैं. ऑनलाइन नवीन पोर्टल 2.0 के कारण क्षेत्र के कृषक बंधुज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं क्योंकि पोर्टल में पटवारी को कार्य करने में दिक्कत है आ रही हैं. अति शीघ्र इस नए पोर्टल को शासन द्वारा जन उपयोगी बनाया जाए जिससे संबंधित पटवारी अपने कार्यों को सुचारू रूप से कर सकें, और कृषकों और हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके, इन्हीं सब मांगों को लेकर घंसौर तहसील पटवारी संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

## अवैध मदिरा पर आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के नेतृत्व एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री विनोद खटीक के निर्देशन में आज आबकारी विभाग की टीम ने अवैध मदिरा निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत महत्वपूर्ण कार्यवाही की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी वृत शहर की टीम ने पांढरवानी के जंगल में नाले किनारे दबिश दी। इस दौरान टीम को अवैध रूप से निर्मित हाथ भट्टी मदिरा तथा बड़ी मात्रा में महुआ लाहन बरामद हुआ। कार्यवाही के दौरान 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 2080 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। मौके से जप्त लाहन को विधिवत नष्ट किया गया तथा एक अज्ञात प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कायम किया गया।
आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध मदिरा निर्माण, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह की गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आज की छापामार कार्रवाई में वृत शहर प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक राजेश सिंघल, आरक्षक संतराम मरावी एवं विशाल राव चौबितकर सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।
जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध मदिरा निर्माण एवं बिक्री की सूचना तुरंत विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके और समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके।

## आज से केवलारी नगर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**केवलारी।** केवलारी नगर के वॉर्ड नंबर 13 रानी अवंती बाई वार्ड में गणेशोत्सव के पवन अवसर पर दिनांक 28/08/2025 दिन गुरुवार से 04/09/2025 तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक वैदिक पंडित अनुदेश तिवारी जी के श्रीमुख से प्रति दिन दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक भगवान की विभिन्न लीलाओं का वर्णन होगा। आयोजन समिति के द्वारा कथा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कथा के लिए एक पंडाल तैयार किया गया है, जिसमें भक्तों के बैठने की व्यवस्था की गई हैं। आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि इस कथा का मुख्य उद्देश्य सर्वे भवन्तु सुखिना की भावना एवं समाज में धर्म और आध्यात्म का प्रसार करना, युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। इसके साथ ही उन्होंने सभी सनातन प्रेमी बंधुओं से अधिक अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया। आपको बता दें कि दिनांक 04/09/2025 को उक्त भागवत का समापन,पूर्ण आहुति, हवन, विसर्जन उसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण होगा।

## वाहन रजिस्ट्रेशन में मोबाइल नम्बर अपडेट के लिये विशेष अभियान - परिवहन विभाग

**सिवनी** / परिवहन विभाग द्वारा वाहन पंजीयन एवं ड्राइविंग लाइसेंस के डेटाबेस में मोबाइल नम्बर अपडेट कराने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वाहन पंजीयन अथवा लाइसेंस बनवाते समय आवेदक का मोबाइल नम्बर दर्ज करना अनिवार्य होता है। कई बार वाहन स्वामी के स्थान पर डीलर अपना नम्बर दर्ज करा देते हैं या समय के साथ मोबाइल नम्बर बदल जाने के कारण विभागीय डेटाबेस में दर्ज नम्बर निष्क्रिय हो जाते हैं।
विभाग ने बताया कि अब वाहन स्वामी अथवा डीलर एनआईसी के वाहन सारथी पोर्टल के माध्यम से स्वयं ही आसानी से मोबाइल नम्बर अपडेट कर सकते हैं। इसके लिये आधार प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यदि आधार में दर्ज नाम और पंजीयन/लाइसेंस में दर्ज नाम का शत-प्रतिशत मिलान हो जाता है, तो मोबाइल नम्बर तत्काल अपडेट हो जाता है। नाम में भिन्नता पाए जाने पर आवेदक को अतिरिक्त दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या पासपोर्ट अपलोड करना होगा। आरटीओ कार्यालय द्वारा सत्यापन उपरांत नम्बर अपडेट कर दिया जाएगा। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ही ओटीपी प्राप्त कर ऑनलाइन सेवाओं का लाभ लिया जा सकता है। गलत या निष्क्रिय मोबाइल नम्बर दर्ज होने पर वाहन स्वामी कई सेवाओं से वंचित रह जाते हैं और वाहन के विरुद्ध चालान जारी होने पर संबंधित जानकारी भी प्राप्त नहीं कर पाते। लंबित चालान की स्थिति में न्यायालयीन कार्रवाई तक हो सकती है। मोबाइल नम्बर अपडेट की विस्तृत प्रक्रिया एवं स्क्रीनशॉट सहित जानकारी मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पोर्टल ह पर उपलब्ध कराई गई है।

## भ्रष्टाचार और वसूली से परेशान आमजन, सरकार से कार्रवाई की मांग

**केवलारी।** क्षेत्र का राजस्व विभाग इन दिनों चर्चाओं में है। वजह है - यहां पनप रहा दलाली तंत्र और भ्रष्टाचार का गहरा जाल। आम नागरिको ने आरोप लगाते हुए बताया कि जब अपने कामों को लेकर राजस्व कार्यालय पहुंचते हैं तो सीधे अधिकारियों से काम नहीं हो पाता, बल्कि बीच में सक्रिय दलाल ही रास्ता रोक लेते हैं। बताया जाता है कि नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन से लेकर नक्शा और नकल तक, हर काम के लिए मोटी रकम की मांग की जाती है। बिना दलालों को पैसे चढ़ाए किसी का काम समय पर नहीं होता। नागरिकों ने आरोप लगाते हुए बताया कि जिन कार्यालयों को पारदर्शी व्यवस्था और न्याय के लिए जाना चाहिए, वे अब पैसों की उगाही का अड्डा बन गए हैं। दलालों की सीधी पकड़ कर्मचारियों और कुछ अधिकारियों तक बनी हुई है। यही कारण है कि साधारण से साधारण कार्य भी महीनों तक लटकाए जाते हैं, ताकि मजबूर होकर लोग दलालों के चक्कर में पड़ें। सूत्रों के अनुसार, केवलारी राजस्व कार्यालय में दलाल खुलेआम घूमते हैं और लोगों को डराकर या लालच दिखाकर पैसे वसूलते हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सब कर्मचारियों की आंखों के सामने होता है, लेकिन किसी तरह की रोकथाम नहीं होती। स्थिति यह है कि आम आदमी अपने ही कामों के लिए बेबस और लाचार महसूस करता है। इस मामले ने अब गंभीर रूप ले लिया है और स्थानीय नागरिकों ने सरकार व प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। जनता का कहना है कि अगर राजस्व विभाग में दलालों और भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगी, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना होगा कि सरकार इस पर कब तक संज्ञान लेकर ठोस कदम उठाती है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**कुरई/सिल्लौर** : कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी के ग्राम सिल्लौर निवासी दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सिल्लौर सरपंच संजय मरकाम से मिली जानकारी के अनुसार बिक्रम ऊईके (22) पिता अस्सू ऊईके एवं तीरथ इनवाती (35) पिता भारतलाल इनवाती, दोनों निवासी सिल्लौर, मंगलवार दोपहर लगभग 1बजे अपने सालीवाड़ा ससुराल से बाइक क्रमांक रूक्क 28 रू 3141 पर लौट रहे थे। सालीवाड़ा (अमरवाड़ा) मोड़ पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। हादसे से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## कलेक्टर संस्कृति जैन का जताया आभार

# ग्राम चिमनाखारी के ग्रामीणों ने 'गिफ्ट अ डेस्क पहल के लिए निकाली पैदल तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत बच्चों के लिए सुविधाजनक डेस्क-बेंच की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु चलाई जा रही 'गिफ्ट अ डेस्क पहल अब सार्थक परिणाम देती नज़र आ रही है। इस पहल से प्रेरित होकर बरघाट विकासखण्ड के ग्राम चिमनाखारी के ग्रामीणों ने मंगलवार को ग्राम से लेकर कलेक्ट्रेट सिवनी तक पैदल तिरंगा यात्रा निकालकर कलेक्टर सुश्री जैन का आभार व्यक्त किया।
ग्रामीणों का कहना था कि इस पहल ने न केवल विद्यालयों का वातावरण बदला है बल्कि बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। तिरंगा यात्रा में शामिल होकर महिलाएँ, बुजुर्ग और युवा कलेक्ट्रेट पहुँचे, जहाँ कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी का आत्मीय स्वागत कर संवाद किया।
इस अवसर पर पूर्व सरपंच श्री ओमकार सिंह पटले ने कहा कि शासकीय विद्यालयों के बच्चों के लिए शुरू की गई यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने कहा कि डेस्क-बेंच की सुविधा उपलब्ध होने से अब बच्चे आराम से बैठकर अध्ययन कर रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में रुचि बढ़ी है। साथ ही विद्यालयों में नए प्रवेश भी बढ़े हैं, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक बेहतर व्यक्तित्व और उज्ज्वल भविष्य की नींव है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए विद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि 'गिफ्ट ए डेस्क जैसी पहल समाज और प्रशासन के साझा प्रयास का उदाहरण है, जिससे बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव संभव है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की गिफ्ट अ डेस्क पहल में बड़ी संख्या में नागरिकगण सहभागिता कर रहे हैं। मुहिम में कम पढ़े लिखे, कम आय वाले व्यक्तियों ने भी आपस में चंदा कर आगे आकर योजना में सहभागिता की है। ताकि शासकीय स्कूलों में पढ रहे बच्चे सुविधाजनक रूप से अध्यापन कार्य कर सकें। सुश्री जैन ने कहा कि ग्राम का हर बच्चा स्कूल जाये ये पूरे ग्राम की जिम्मेदारी है। शिक्षक पूरी लगन से बच्चों को पढ़ाऐं तथा कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देकर उनकी क्षमता का विकास करे। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री जैन ने पूर्व सरपंच ओंमकार पटले को जनजागृति लाने को लेकर आभार पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही प्राथमिक शिक्षक रामेश्वर राहंगडाले एवं जनशिक्षक सुरेन्द्र गौतम को भी कलेक्टर सुश्री जैन ने शासकीय विद्यालय में शतप्रतिशत नामांकन एवं अच्छी शिक्षा के लिए सम्मानित किया।




## शासकीय महाविद्यालय कुरई में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान का शुभारंभ

**सिवनी** / शासकीय महाविद्यालय कुरई में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की संकल्पना पर आधारित माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान का शुभारंभ किया गया।
इस अवसर पर महाविद्यालय में प्राचार्य श्री बी.एस. बघेल के मार्गदर्शन में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पंकज गहरवार ने बताया कि विद्यार्थियों के माध्यम से परिवारों में प्लास्टर ऑफ पेरिस के स्थान पर मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस पहल से विद्यार्थियों में वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी की भावना को सशक्त किया गया।
कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़े श्री अविनाश अहिरवाल ने कहा कि यह अभियान घर-घर प्रकृति संरक्षण का संदेश पहुंचा रहा है। डॉ. तीजेश्वरी पारधी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने स्वयं मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। माही श्रीवास, आरती ड़हरवाल, नीरज करमकर, सागर साहू, अर्पिता दशमेर आदि विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रतिमाएं बनाकर पुरस्कृत भी हुए। अंत में विद्यार्थियों व स्टाफ ने डिजिटल शपथ लेकर पर्यावरण की रक्षा, स्वदेशी माटी की मूर्तिकला के समर्थन और हरित उत्सव की परंपरा को अपनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### सम्पूर्ण जिले में गणेणोत्सव की धूम

# सराफा मॉर्केट में विराजे बालाघाट का राजा

## आर्टिस्ट संजू धामेजा का धमाल, 13 फिट आदम कद हैं बालाघाट का राजा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में दस दिवसीय गणेशोत्सव की शुरुआत बुधवार से हो गई है। मुख्यालय के सराफा क्षेत्र में पिछले एक दशक से 'बालाघाट का राजा' नाम से 13 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है। यह जिले की सबसे ऊंची प्रतिमा है। इसका निर्माण मूर्तिकार संजू धामेजा ने किया है।

भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुरू हुए इस उत्सव में लोग ट्रैक्टर, ऑटो और बाइक से ढोल-नगाड़ों के साथ अपनी गणेश प्रतिमाएं घर ले गए। गणेश उत्सव समिति के सदस्य गोपाल वर्मा ने बताया कि पहले शिवशक्ति गणेश उत्सव समिति के नाम से छोटी प्रतिमा स्थापित की जाती थी। मूर्तिकार प्रतिमा का निर्माण डेढ़ महीने पहले से शुरू कर देते हैं।

भक्तों की आस्था के चलते पिछले दस सालों में कई श्रद्धालुओं ने प्रतिमा को चांदी की अंगूठी, पैर और दांत भेंट किए हैं। प्रतिमा का श्रृंगार और परिधान नागपुर से लाया जाता है। मुख्यालय के सराफा बाजार, सिंधी मोहल्ला, मेनरोड, मोतीनगर, गुजरी चौक, बुढ़ी और भटेरा सहित लगभग 80 स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं।



### अनुविभागीय दंडाधिकारी की कार्यप्रणाली पर जताया रोष

# विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने भरवेली में सुनी जनसमस्यायें

## ग्रामीणों ने मॉयल दुर्गा उत्सव कार्यक्रम में कव्वाली के कार्यक्रम को लेकर उठाये सवाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने मंगलवार को मुंजारे दंपत्ति की राजनीतिक कर्मभूमि ग्राम भरवेली का दौरा कर ग्रामीणों एवं पचांयत प्रतिनिधियों से मुलाकात की इस दौरान उन्होने पंचायत कार्यो में सरपंच पति द्वारा की जा रही मनमानी, विकास कार्यो में अवरोध और ग्रामीणों की अन्य समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों एवं पंचायत के पंच ने विधायक को बताया कि सरपंच पति अनिल बिसेन लगातार पंचायत कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे है। जो पंच उनके पक्ष में नहीं होते उनके वार्डो में विकास कार्य रोक दिये जाते है। इतना ही नहीं बारिश के पूर्व बाजार में सब्जी विक्रेताओं के लिये बनाये गये टीन शेड को यह कहकर तोडा गया था कि उसकी जगह पक्का शेड बनेगा, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। इससे छोटे व्यवसायियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की है स्वतंत्रता दिवस पर सरपंच पति ने सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया एवं समुदाय विशेष को धमकाने की कोशिश की। जिससे ग्राम की शांति व्यवस्था के समक्ष खतरा उत्पन्न हो गया है।

इन शिकायतों पर विधायक मुंजारे ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी गोपाल सोनी, जनपद पंचायत बालाघाट के सीईओ और जिला पंचायत के सीईओ से दूरभाष पर चर्चा कर उचित कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही उन्होंने एसडीएम सोनी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि भरवेली पंचायत की समस्याओं के समाधान में उनका रवैया भेदभावपूर्ण एवं अपारदर्शी है। विधायक ने स्पष्ट किया कि शीघ्र ही पंचायत एवं राजस्व विभाग के मंत्री को इस स्थिति से अवगत कराया जायेगा।

इसी दौरान ग्रामीणों ने आगामी मॉयल लिमिटेड दुर्गा उत्सव में आयोजित होने वाले परंपरागत कव्वाली कार्यक्रम पर लगाये गये प्रतिबंध का भी मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि यह आयोजन पिछले 60 वर्षो से निरंतर हो रहा है और इसे बंद करने का कोई औचित्य नहीं है। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में संबंधित प्रशासनिक पक्षों से चर्चा करेगें और धार्मिक सौहार्द की परंपरा को बनाये रखने के पूरे प्रयास किये जायेगें।

विधायक मुंजारे ने ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि उनकी भावनाओं और अधिकारों का सम्मान होगा। भरवेली की शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द किसी भी कीमत में बिगडने नहीं दिया जायेगा और विकास कार्यो में बाधा डालने वालों के खिलाफ न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य सम्माननीत ग्रामीण नागरिक उपस्थित थे।



### महाविद्यालय किरनापुर में माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रतिमा का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



**किरनापुर।** भारतीय संस्कृति में मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा का विशेष महत्व है इसी तारतम्य में दिलीप भटेरे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रतिमा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया ने की, प्राचार्य महोदया द्वारा अपने उद्बोधन में विघ्नहर्ता श्री गणेश की माटी से निर्मित प्रतिमा एवं पर्यावरण के प्रति मिट्टी की उपयोगिता पर अपने सारगर्मित उद्बोधन से छात्र छात्राओं को जागरूक किया। इसके पश्चात समागार में उपस्थित अन्य शिक्षकों द्वारा भी सारगर्मित उद्बोधन दिये गए। इसी तारतम्य में मिट्टी से कैसे गणेश प्रतिमा बनाई जाती है इस हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमे छात्र-छात्राओ ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओ की उपस्थिति रही।

### गणेशोत्सव में विद्युत का वैधानिक उपयोग करें

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** रवि कुमार कुम्हरे, कार्यपालन अभियंता, संचा/ संधा संभाग, म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लि., बालाघाट द्वारा आगामी गणेशोत्सव के परिप्रेक्ष्य में सभी मूर्ति स्थापना स्थलों के आयोजकों से अपील की गई है कि गणेशोत्सव पंडाल में विद्युत विभाग से विधिवत अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेकर विद्युत का उपयोग करें एवं विद्युत तारों से डायरेक्ट हुकिंग न करें। कटे एवं टूटे वायरों का उपयोग न करें, विद्युत पोल के समीप एवं विद्युत लाइनों के नीचे पंडाल न लगावें। जिन गणेशोत्सव पंडालों में वैधानिक रूप से विद्युत कनेक्शनों का संयोजन नहीं पाया जावेगा, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। अतः सभी आयोजक असुविधा से बचने हेतु विद्युत का वैधानिक उपयोग करें।

### जिले में भारी वर्षा की संभावना

**बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव को प्राप्त 05 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 29 अगस्त को भारी वर्षा होने की संभावना बतायी गई है।

### मानहानि के प्रकरण में आसीफ पर दोष सिद्ध, पत्रकार मिलिंद ठाकरे को मिला न्याय

# फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करना आसीफ खान को पडा महंगा

## सोशल मीडिया में अपमानजनक टिप्पणी करने पर आसीफ खान पर 20 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पत्रकार मिलिंद ठाकरे के खिलाफ सोशल मीडिया में अशोभनीय व अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में प्रतिवादी आसीफ खान मलाजखंड भिमजोरी निवासी पर दोष सिद्ध हुआ है। साथ ही न्यायालय ने प्रतिवादी पर 20 हजार रूपये मानहानि की राशि भी अधिरोपित की है।

आपको बता दे कि पत्रकार मिलिंद ठाकरे द्वारा न्यायालय में परिवाद पेश किया गया था। परिवाद में वादी मिलिंद ठाकरे द्वारा माननीय न्यायलय को बताया गया कि वह समाचार संकलन के लिये वह अपने पत्रकार मित्रो के साथ बिरसा क्षेत्र में गया हुआ था। इसी दौरान रास्ते में ग्राम पल्हेरा के पास 2 ट्रेक्टर रेत का परिवहन करते पाये गये। जिसकी सूचना तत्काल अनुविभागीय अधिकारी बैहर व वन परिक्षेत्र अधिकारी बैहर को दी गयी तथा रेत से भरे ट्रेक्टरों की वीडियो व्हाट्सएप के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी बैहर को भेजी गयी। एवं उसी दिन उक्त घटना का समाचार भी अपने दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रबाण में 29.06.2019 के अंक में प्रकाशित किया गया तथा उक्त कटिंग की पोस्ट अपने फेसबुक एकाउंट पर की गयी। जिस पर प्रतिवादी आसीफ खान द्वारा मनमाने कमेंट्स करते हुये वादी पत्रकार मिलिंद ठाकरे को आपत्तिजनक टिप्पणी की गई और सार्वजनिक रूप से ऐसे आरोप आसीफ खान द्वारा मिलिंद ठाकरे पर लगाये गये, जो कि समाज में उनकी छवि और उनके पेशे को बदनाम कर रहे थे। जिसकी वजह से उनकी सार्वजनिक रूप से छवि धूमिल हुई थी। आसीफ खान द्वारा लगाये गये उक्त झूठे आरोपों के कारण पत्रकार मिलिंद ठाकरे की अत्यधिक मानहानि हुयी है तथा प्रतिवादी आसीफ खान द्वारा मिलिंद ठाकरे की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की दुर्भावना के कारण झूठे व मनगढंत आरोप लगाये गये थे। जहां वादी पत्रकार मिलिंद ठाकरे द्वारा अपने अधीवक्ता कलीम कुरैशी के माध्यम से मानहानि का न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था।

फेसबुक पर मिलिंद ठाकरे के विरूद्ध विवादित टिप्पणी के संदर्भ में साक्ष्य को न्यायालय में आसीफ खान द्वारा प्रमाणित नही किया गया। जहां उपरोक्त विवेचना एवं विचारणीय बिन्दुओं पर प्राप्त निष्कर्ष से स्पष्ट है कि वादी मिलिंद ठाकरे अपना पक्ष संभावनाओं की प्रबलता के आधार पर प्रमाणित करने में सफल रहा है कि प्रतिवादी आसीफ खान द्वारा फेसबुक पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी कर वादी को मानसिक क्षति कारित की गई। इसलिये प्रतिवादी आसीफ खान, वादी मिलिंद ठाकरे को क्षतिपूर्ति राशि के रूप में 20 हजार रुपये निर्णय दिनांक से राशि अदा करेगा। एवं आदेश दिनांक से 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से राशि देने तक देय करेगा। प्रकरण में पत्रकार मिलिंद ठाकरे की ओर अधिवक्ता कलीम कुरैशी ने पैरवी की थी।

# कार्यवाही : ऑनलाइन सट्टा खिलाते 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट की किरनापुर पुलिस ने एक घर में दबिश देकर विनबज ऐप के जरिए सट्टा खिला रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें किरनापुर निवासी पारस दुबे और छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी मोहम्मद शोएब और दुर्ग निवासी रामेश्वर राजपूत शामिल हैं।

लांजी एसडीओपी ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बाहरी लोग अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। पुलिस ने टीम बनाकर जब वहां दबिश दी तो पता चला कि वहां ऑनलाइन सट्टे का पूरा सेटअप लगा हुआ था।

जांच में पता चला कि आरोपी विनबज ऐप का इस्तेमाल कर ऑनलाइन जुआ और सट्टा खिलाते थे। वे ग्राहकों से ऐप डाउनलोड कराकर उनकी आईडी बनाते थे और बैंक अकाउंट में पैसे जमा कराते थे, जिसके बदले उन्हें 'क्वॉइन' मिलते थे। हारने पर यह राशि बैंक अकाउंट से कट जाती थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से कोई नकद राशि तो बरामद नहीं की है, लेकिन 13 बैंक पासबुक, 10 चेकबुक, 8 एटीएम कार्ड, 2 रजिस्टर, एक लैपटॉप और वाईफाई उपकरण सहित कई चीजें बरामद की हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे भिलाई निवासी अंजीम अंसारी के कहने पर यह काम कर रहे थे। पुलिस ने अंजीम अंसारी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम छत्तीसगढ़ भेजी है। इस मामले की गहराई से जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन सट्टे में अपनी मेहनत की कमाई बर्बाद न करें।



### पुलपुट्टा के जंगल में भैस का जंगली जानवर ने किया शिकार, कृषक ने मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



वन परिक्षेत्र खैरलांजी के सहायक वन परिक्षेत्र मिरगपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पुलपुट्टा के कृषक चितरंजन सोनवाने की भैस का शिकार मंगलवार 26 अगस्त को जंगली जानवर ने पुलपुट्टा के जंगल में किया। जिसके कारण कृषक को करीब 35 हजार रुपए के आसपास का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बुधवार को भैस मालिक एवं वन विभाग के पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर वनकर्मी के द्वारा पंचनामा तैयार कर अग्रिम कारवाई की गई। कृषक के द्वारा मुआवजे की मांग की गई। कृषक ने बताया की मंगलवार को भैस घर से जंगल में चरने के लिए गई थी इसी दौरान जगंली जानवर के द्वारा भैस का शिकार किया गया। जानकरी लगने पर सूचना वन विभाग और ग्राम पंचायत को दि गई जिसके बाद बुधवार को सुबह मौके पर जा कर वन कर्मी के द्वारा जांच रिपोर्ट तैयार कर अग्रिम कारवाई की गई। कृषक के द्वारा वन विभाग से मुआवजे की मांग की गई।

### 5 सितंबर को निकलेगा जुलुसे-मोहम्मदी, समाज ने लगाया जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध

# अमन और शांति का पैगाम लेकर आए रसूल, मस्जिदो में हो रहे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाने वाला पर्व ईद-मिलादुन्नबी जिले में पूरी अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। अहले सुन्नत के मुख्यालय, बरेली शरीफ से चांद की तस्दीक होने के बाद पूरे मुल्क सहित जिले में ईद-मिलादुन्नबी के पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।जिसमें जिले की सभी मस्जिदो, मदरसो और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में नात की महफिल, कुरान खानी, लंगर सहित अन्य आयोजन हो रहे है। विशेष रूप से जामा मस्जिद में नातिया प्रोग्राम के साथ-साथ पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी, शिक्षा और उद्देश्य को लोगों तक पहुंचाने के लिए इमाम मोहम्मद उमर रजवी मिस्बाही द्वारा तकरीर दी जा रही है। इस वर्ष खास बात यह है कि जुलुसे मोहम्मदी में, सामाजिक तौर से डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है।रजा एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब का यह 1500 वां जन्मदिवस मनाया जा रहा है। उनके जन्म के समय पूरी दुनिया में भय और आतंक और बदअमनी का माहौल था। ऐसे समय में इस्लाम धर्म के माध्यम से अमन और शांति के पैगाम को लोगों तक पहुंचाने का काम किया। इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रंथ कुरान, पैगंबर हजरत मोहम्मद पर उतारा गया हैं। जो पूरी दुनिया को इंसानियत और मानवता का संदेश देता है। जिन्होंने कहा था कि यदि किसी ने बेगुनाह की हत्या की तो उसने पूरी मानवता की हत्या कर दी और किसी की जान बचाई तो समझो उसने पूरी इंसानियत को बचा लिया।हाजी शोएब खान ने बताया कि इनकी यौमे पैदाईश पर 5 सितंबर को ईद-मिलादुन्नबी पर पूरी शानौ-शौकत के साथ जुलुस-ए-मोहम्मदी निकाला जायेगा। बालाघाट मुख्यालय में जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी पर सुबह सभी मस्जिदो में सलातो-सलाम होगा। जिसके बाद सुबह 10 बजे जामा मस्जिद चौक पर इमाम जामा मस्जिद मोहम्मद उमर रजवी मिस्बाही द्वारा परचम कुशाई की जाएगी। इसके बाद मौजूद मुस्लिम धर्मावलंबी सलातो-सलाम और नात पढ़ते हुए जुलुस, शहर के विभिन्न मार्ग से होकर गुजरेगा और जुलुस के, समापन के बाद लंगर ए-आम का आयोजन किया जाएगा। शहर सहित जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर तैयारियां की जा रही है।जुलुसे मोहम्मदी के अवसर पर रजा एक्शन कमेटी प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने, जिला प्रशासन से पूरे जिले में समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।



### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में एक दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में एक दिवसीय कर्मयोगी प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रणवीर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह प्रशिक्षण नवोदय विद्यालय समिति के मार्गदर्शन में कर्मचारियों को अधिक ऊर्जा, समर्पण, लगन, निष्ठा, ईमानदारी एवं नवाचार के साथ कार्य करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बड़वानी प्राचार्य सुखदेव भालसे एवं खरगौन उपप्राचार्य गजेंद्र कुमार घोगरे ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। दोनों ने अत्यंत जीवंत एवं प्रभावशाली ढंग से विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रशिक्षण से मिली सीख को अपने कार्य क्षेत्र में उतारने का संकल्प लिया।

# तनवी छेदाम के एम.बी.बी.एस. में चयन होने से शिक्षक समुदाय में हर्ष

हरिभूमि न्यूज बिरसा।

दृढ़ निश्चय के साथ किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता, ऐसी ही ग्रामीण अंचल से अनुठी प्रतिभा की होनहार बेटी , तनवी छेदाम पिता केदार सिंह छेदाम ने हाल ही में आयोजित एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। तनवी की सफलता अन्य छात्रों के लिए एक प्रेरणा है, खासकर उन छात्रों के लिए जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और मेडिकल क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। तनवी ने बताया कि वह भविष्य में चिकित्सा विशेषज्ञता हासिल करना चाहती है और अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहती है।आपने 12वी कक्षा उत्तीर्ण कर सत्र 2024-25 मे नीट की परीक्षा मे स्टेट रैंक 7056 में चयनित होकर अटल बिहारी वाजपाई गवर्नमेंट मेडिकल कालेज विदिशा में प्रवेश लिया है। उनकी सफलता पर म.प्र.शिक्षक संघ ब्लाक शाखा बिरसा के वरिष्ठ सदस्य श्री हेमेंद्र नेवारे, एस.आर.उके, बी.आर. बिसेन, ब्लाक अध्यक्ष श्री भागीरथी पांचे, सचिव सुजित खोबरागड़े, सहित सभी पदाधिकारी सर्व श्री सत्यप्रकाश अन्मोले, रूपेश खरोले, किशोर पटले, अशोक उके, जितेन्द्र वासनिक, नंदलाल ग्वालवंशी, कैलाश मेरावी, सनुकलाल मरकाम जनशिक्षक रमेश तुरकर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह से श्रीमती प्रेमलता बिसेन,



डी.के.खैरवार, नीरज जैन, जितेन्द्र डाहटे, चरण बघेल, चन्द्रपाल नंदनवार, श्रीमती उमादेवी राठौर ,एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की है। ज्ञात हो कि, कुमारी तनवी छेदाम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन एवं अपने आत्मविश्वास व कड़ी मेहनत को बताया है । उनके पिताजी श्री केदार सिंह छेदाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में प्राचार्य है। जो अपने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हैं, उनके कुशल शिक्षण व्यवस्था से इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832